परिवार के साथ शैली नैन। संवाद

हरियाणा न्यायिक सेवा में शैली नैन की 37वीं रैंक

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। कंकरखेड़ा के ड्रीम सिटी निवासी शैली नैन ने हरियाणा न्यायिक सेवा परीक्षा में 37वीं रैंक हासिल की है। उनकी उपलब्धि से परिवार में खुशी का माहौल है। इनके पिता सुरेंद्र पाल नैन आयुक्त कार्यालय में मंडलीय सांख्यिकी अधिकारी हैं। माता डॉ. सोनिया नैन किसान इंटर कॉलेज कंकरखेड़ा में प्रवक्ता हैं।

शैली नैन ने 2012 में सेंट फ्रांसिस कान्वेंट स्कूल से दसवीं 90.4 फीसदी और 2014 में 12वीं दीवान पब्लिक स्कूल से 98.4 फीसदी अंकों से उत्तीर्ण की। बीए-एलएलबी डॉ. राम मनोहर लोहिया विवि लखनऊ से किया। वर्तमान में वह सीसीएसयू कैंपस से एलएलएम कर रही हैं। शैली ने हरियाणा सिविल सेवा परीक्षा 2021 (पीसीएस-जे) में पहले ही प्रयास में 37वीं रैंक प्राप्त की है।